दिनांकः 03.04.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर से

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में प्रदेश की 13 लोकसभा सीटों पर नामांकन भरने का कल अंतिम दिन है। इसके साथ ही प्रत्याशियों के नाम निर्देशन पत्र भरने का सिलसिला जारी है। आज भीलवाड़ा से कांग्रेस प्रत्याशी डॉक्टर सी.पी. जोशी ने नामांकन दाखिल किया। उनके समर्थन में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पार्टी प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली का नामांकन सभा को संबोधित करने का कार्यक्रम है। बाड़मेर से पार्टी उम्मीदवार उम्मेदाराम ने भी नामांकन प्रस्तुत किया। इस दौरान पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट सहित पार्टी के अन्य नेता भी मौजूद रहे। टोंक–सवाईमाधोपुर से कांग्रेस प्रत्याशी हरीश मीणा भी आज नामांकन प्रस्तुत करेंगे। वहां भी सचिन पायलट के जाने का कार्यक्रम है।
वहीं भाजपा नेता और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कोटा से पार्टी प्रत्याशी ओम बिरला के समर्थन में महाराव उम्मेद सिंह स्टेडियम में सभा को संबोधित करेंगे। श्री बिरला आज नामांकन पत्र दाखिल करेंगे।
कोटा के बाद वे जालौर से पार्टी के उम्मीदवार लुम्बाराम के समर्थन में सभा करेंगे।
भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा आज झालावाड़ में पार्टी प्रत्याशी दुष्यंत सिंह के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। झालावाड़ के प्रवीण शर्मा क्रिकेट स्टेडियम में होने वाली सभा में पूर्व मुख्यमंत्री और पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे भी मौजूद रहेंगी।
वहीं बांसवाड़ा से भारत आदिवासी पार्टी के प्रत्याशी राजकुमार रोत भी आज अपना नामांकन दाखिल करेंगे।
इससे पहले कल 27 उम्मीदवारों ने 45 नामांकन पत्र पेश किये थे। दूसरे चरण में 5 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच होगी तथा 8 अप्रैल तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। 26 अप्रैल को मतदान होगा और मतगणना 4 जून को होगी।

....

लोकसभा चुनाव को लेकर कानून व्यवस्था की स्थिति, अवैध गतिविधियों की रोकथाम की समीक्षा और आकलन करने के लिए चुनाव आयोग आज राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ बैठक करेगा। बैठक में अंतरराज्यीय और अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर कड़ी निगरानी से संबंधित कदमों की भी समीक्षा की जाएगी।

....

प्रदेश में आयोजित हो रही मतदाता जागरुकता गतिविधियों के तहत बूंदी जिला मुख्यालय पर खेल संकुल से आज विद्यार्थियों ने जागरुकता रैली निकाली। ये विभिन्न स्थानों से होती हुई सरकारी महारानी बालिका विद्यालय में सम्पन्न हुई। सांचौर जिले में ग्राम पंचायतों में मानव श्रखंला बनाकर मतदाता जागरुकता का संदेश दिया जा रहा है। डभाल, बीछावाड़ी, पमाणा, सूथाना और कई ग्राम पंचायतों में मानव श्रंखला बनाकर शत प्रतिशत मतदान के लिए लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। जालौर में भी ग्राम पंचायत, उपखंड और जिला स्तर पर मानव श्रंखला बनाकर ज्यादा से ज्यादा मतदान की अपील की गयी।
बांसवाड़ा जिले के मदारेश्वर, कॉलेज ग्राउंड और कुपडा क्षेत्र में स्थित घुमंतू जनजाति आवासित क्षेत्र के लोगों को अनिवार्य और निष्पक्ष मतदान की शपथ दिलवाई गई।
इस बीच, पुलिस और प्रशासन निष्पक्ष और भयमुक्त चुनाव सम्पन्न कराने में जुटा हुआ है। भरतपुर के रूपवास, बयाना, उच्चैन और नदबई के उपखंड अधिकारियों ने अपने–अपने क्षेत्रों में मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

....

जयपुर में कल से क्रेडाई रियल एस्टेट एक्सपो–2024 का आयोजन किया जाएगा। चार दिवसीय यह आयोजन राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में होगा। इसमें निवेश के हिसाब से ग्राहकों को प्रोपर्टी क्षेत्र में कई विकल्प भी मिलेंगे। क्रेडाई के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने बताया कि एक्सपो में जयपुर, अलवर,

अजमेर और उदयपुर, सहित प्रदेश के विभिन्न शहरों के पचास से अधिक रियल एस्टेट व्यवसायी शामिल होंगे। इस दौरान 50 से अधिक स्टॉल्स् लगाई जाएंगी। जहां कई प्रोपर्टी मॉडल्स का प्रदर्शन किया जाएगा।

....

प्रदेश में आज से एक ओर पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से बीकानेर, हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर, चूरू, सीकर, झुंझुनू, अलवर और आस–पास के क्षेत्रों में मेघगर्जन के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार शेष भागों में मौसम शुष्क रहेगा। इस बीच, आज हनुमानगढ और चूरू में बादल छाए हुए हैं।
विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में अधिकतर स्थानों पर दिन का तापमान 37 डिग्री से नीचे रिकॉर्ड किया गया।

....